आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :457 पृष्ठ -4 दिनांक 20 अप्रेल 2025 दिन रविवार

# यूपी में 20 अप्रैल तक यलो अलर्ट जारी, कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट

## तेज बारिश और ओले की गिरने की संभावना

उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है. कई जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों और जन–धन का नुकसान हुआ है. इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने में कोई देरी न हो. जिन जिलों में जनहानि या पशुहानि हुई है, वहां तुरंत आर्थिक सहायता दी जाए और घायलों का समुचित इलाज कराया जाए.मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस समय प्रदेश में सरकारी गेहूं खरीद भी चल रही है, ऐसे में मंडियों और खरीद केंद्रों पर गेहूं का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया जाए. फसलों को हुए नुकसान का त्वरित सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके. मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में 20 अप्रैल तक यलो अलर्ट जारी किया है. कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है, जहां तेज हवाओं के साथ ओले गिरने और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है. झांसी में शुक्रवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि लखनऊ में यह 36 डिग्री रहा. पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर–पूर्वी हवाओं के असर से अगले 72



घंटे तक मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है. वातावरण में नमी अधिक होने के कारण आंधी और बारिश की घटनाएं हो रही हैं. सहारनपुर से लेकर बलिया तक पश्चिमी विक्षोभ का असर दिख रहा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है. राज्य सरकार हर नागरिक की सुरक्षा और सहायता के लिए पूरी तरह तैयार है. अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जलभराव की स्थिति में तत्काल निकासी की व्यवस्था की जाए और सभी आवश्यक सेवाएं सुचारु रूप से जारी रहें.उत्तर प्रदेश में मार्च से मई के बीच मौसम में अक्सर असामान्य परिवर्तन देखने को मिलते हैं. विशेषकर पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय हवाओं के कारण गर्मी के बीच बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि की घटनाएं होती हैं. इससे किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है. फसल कटाई के समय अगर ओले और बारिश होती है तो खेतों में खड़ी या कटी फसलें बर्बाद हो जाती हैं. सरकार समय–समय पर राहत कार्यों के जरिए पीड़ितों की सहायता करती रही है और इस बार भी यही कोशिश की जा रही है.

## बदायूं में चार बच्चों की माँ अपने समधी के साथ हुई फरार, परिजन ने पुलिस से महिला को बरामद करने की गुहार

बदायूं  अभी अलीगढ़ में सास के दामाद संग फरार होने का किस्सा ठंडा नहीं हुआ कि बदायूं में भी 4 बच्चों की माँ समधी के साथ फरार हो गई है। अजब प्रेम की गजब कहानी ये जिले के दातागंज थाना इलाके की है। यहां के गांव के रहने वाले ट्रक ड्राइवर ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी का बेटी के ससुर के साथ अनैतिक संबंध हो गए। तीन बार पहले भी महिला ने समधी के साथ भागने की को. शिश की लेकिन किस तरह ऐसा करने से उसे रोक लिया गया लेकिन तीसरी बार बीती रात्रि में महिला समधी के प्रेम में दीवानी होकर माल जेवरात लेकर फुर्र हो गई है। जबकि महिला पर दो पुत्र और दो पुत्रियां है बावजूद भी महिला को ऐसा करते वक्त जरा भी संकोच नहीं हुआ। दरअसल दातागंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति का आरोप है कि उसका विवाह साल 2002 में हुआ था। पीड़ित पति पर दो बेटे और दो बेटियां है।




आरोप है कि बड़ी बिटिया की शादी बदायूं शहर के एक मोहल्ले से 2022 में एक युवक के साथ की थी। पीड़ित पति का आरोप है कि वो पेशे से ट्रक ड्राइवर है इसलिए अक्सर घर से बाहर रहता था। इस दौरान बड़ी बेटी का आरोपी ससुर शैलेंद्र उर्फ विल्लू जोकि रोड़वेज में चालक है। चोरी–चुपके घर आने लगा चूंकि रिश्तेदार था लिहाजा कोई आस पड़ोसी भी कुछ नहीं आने जाने की वजह नहीं पूछता था।पीड़ित की तहरीर के मुताबिक उसकी पत्नी ममता और समधी के बीच प्रेम प्रसंग हो गया और प्यार परवान चढ़ा तो रिश्ते नातों की सारी सीमाएं लांघ दी। एक दिन पीड़ित के बेटे ने अपने घर में ही माँ को बहन के समधी के साथ शारी. रिक संबंध बनाते हुए देखा तो बेटा भी हैरान रह गया। बेटे ने जब अपत्ति की तो दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद समधिन महिला समधी के साथ बीती 11 तारीख की रात्रि घर का समान माल जेव. रात लेकर ऑल्टो कार से फुर्र हो गई है।

## बदायूं के अल्फारिया हॉस्पिटल में इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले 80 यात्रियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया

बदायूं के अल्फारिया हॉस्पिटल में इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले 80 यात्रियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक मो. हम्मद अली ने यात्रियों को हज यात्रा के महत्व और इसे सही तरीके से पूरा करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।यात्रियों को स्मार्ट टीवी पर मक्का और मदीना के पवित्र स्थलों को दिखाकर हज की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। डॉ. इत्तेहाद आलम ने यात्रियों को धैर्य और सब्र के साथ हज करने की सलाह दी। उन्होंने सभी यात्रियों से देश की प्रगति और सामाजिक सद्भाव के लिए दुआ करने का आग्रह किया।मिल्ली फोरम बदायूँ यूपी वेस्ट ने हज प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुक्तदिर खान, फरहत हुसैन, मोहम्मद शादाब और जियाउद्दीन का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण का समापन दुआ के साथ किया गया।

## सुशासन वह है जो संविधान के अनुसार पूरे देश को साथ लेकर चले मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (सपा) की प्रमुख मायावती ने शनिवार को कहा कि सुशासन वह है जो संविधान के अनुसार पूरे देश को साथ लेकर चले। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात तथा दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में बसपा संगठन के गठन की तैयारी व मजबूती एवं पार्टी के जनाधार को बढ़ाने आदि पर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा की गई। आगे पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा–निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प लिया गया।'' उन्होंने कहा, ''जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीट का पुनः आवंटन, नयी शिक्षा नीति और भाषा थोपने आदि मुद्दों पर इन राज्यों तथा केन्द्र के बीच विवाद का राजनीतिक



स्वार्थ के लिए उपयोग करने से जन तथा देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक। 'गुड गवर्नेंस' (सुशासन) वही जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले।'' बसपा नेता ने कहा, ''वैसे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले खासकर शोषित–उपेक्षित गरीबों, दलितों, आदिवासियों व पिछड़े वर्ग आदि के बच्चे अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किए बिना आगे चलकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कौशल के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हैं? सरकार इस बात का जरूर ध्यान रखे। भाषा के प्रति नफरत अनुचित है।''

## औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए यूपीसीडा . का बड़ा फैसला, 6190 करोड़ का बजट पास

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने के लिए यूपीसीडा (उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की 48वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को लखनऊ के लोक भवन में आयोजित हुई. इस बैठक में वर्ष 2025–26 के लिए 6190 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया. साथ ही, औद्योगिक क्षेत्रों के लिए नई वर्गीकरण नीति, छह कताई मिलों के दोबारा उपयोग और एक्स–लीडा (पूर्व लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के मास्टर प्लान को लेकर कई अहम फैसले लिए गए.बैठक की अध्यक्षता राज्य के मुख्य सचिव और यूपीसीडा के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने की. इस दौरान यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. अधिकारियों ने बताया कि इस बजट से प्रदेश के औद्योगिक ढांचे को और मजबूत किया जाएगा, जिससे नए निवेश को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे.बैठक में यह तय किया गया कि अब राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों को उनकी प्रगति के आधार पर तीन श्रेणियोंकृअति तीव्र, तीव्र और मंद गतिकृमें बांटा जाएगा. मंद गति वाले क्षेत्रों में 75 प्रतिशत से कम भूखंड आवंटित होने की स्थिति में विशेष भुगतान योजना लागू होगी. इसके तहत निवेशकों को पहले 5: रकम जमा करनी होगी, फिर 60 दिन में 20: और बाकी रकम तीन साल में छह किस्तों में ली जाएगी. इससे उद्योग लगाने वालों को सुविधा मिलेगी और खाली पड़ी जमीन का बेहतर उपयोग होगा. सरकार ने 6 पुरानी कताई मिलों को फिर से उपयोग में लाने का निर्णय लिया है. इनमें अमेठी, प्रतापगढ़, बांदा, मेजा और फतेहपुर की कताई मिलें शामिल हैं. इनके लिए जल्द ही विज्ञापन जारी कर आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. ये मिलें बंद पड़ी थीं और अब इन्हें औद्योगिक उपयोग के लिए तैयार किया जाएगा.बैठक में एक्स–लीडा के मास्टर प्लान 2041 को अंतिम रूप देकर शासन को भेजने का भी फैसला हुआ. इस प्लान के तहत लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में सुनियोजित औद्योगिक विकास की दिशा तय की जाएगी. इसके अलावा प्रयागराज में इंड. स्ट्रियल माडर्न क्लस्टर (आईएमसी) की योजना को भी हरी झंडी दी गई.सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि यूपीसीडा का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक निवेशकों को राज्य में आकर्षित किया जाए. इसके लिए भूमि बैंक बढ़ाया जा रहा है और नई जमीन का आवंटन ईओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) के माध्यम से जल्द किया जाएगा. साथ ही, पुराने औद्योगिक भूखंडों के ट्रांसफर पर भी अब वही शर्तें लागू हा. ेंगी, जो नए आवंटन में होती हैं.औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं और म्यूनिसिपल सेवाएं बेहतर करने के लिए नगर निगमों के साथ मिलकर काम करने का फैसला भी बैठक में लिया गया. इससे उद्योगों को साफ–सफाई, सड़क, जल आपूर्ति जैसी जरूरी सेवाएं मिलेंगी. उत्तर प्रदेश सरकार बीते वर्षों से निवेश और औद्योगिक विकास को लेकर कई बड़े कदम उठा रही है. इन. वेस्टर्स समिट, डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल डिवाइसेज पार्क और फार्मा पार्क जैसे प्रोजेक्ट्स के जरिये प्रदेश को देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में शामिल करने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं. इसी कड़ी में यूपीसीडा की यह बैठक औद्योगिक क्षेत्र को मजबूती देने की दिशा में अहम साबित होगी.

## होली साल में एक बार, जुम्मा 52 बार.वाले बयान पर संभल के सीओ अनुज चौधरी को मिली क्लीन चिट

लखनऊ। होली और जुमा (शुक्रवार) से जुड़े विवादित बयान को लेकर संभल के पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी को पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। संभल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, ''पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी को (होली और जुमा से जुड़े बयान के लिए) क्लीन चिट दे दी गई है।''अधिकारी ने इस बारे में और कुछ बताने से इनकार कर दिया। इस साल मार्च में भारतीय पुलिस सेवा (आ. ईपीएस) के पूर्व अधिकारी अमिताभ ठाकुर की शिकायत के बाद चौधरी के बयान को लेकर जांच की जा रही है। होली से पहले चौधरी ने शांति समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा था, ''होली साल में एक बार आने वाला त्योहार है, जबकि जुमे की नमाज साल में 52 बार होती है। अगर किसी को होली के रंगों से असहजता महसूस होती है तो उन्हें उस दिन घर के




अंदर रहना चाहिए। जो लोग बाहर निकलते हैं उन्हें खुले दिमाग से काम लेना चाहिए, क्योंकि त्योहार मिलजुल कर मनाए जाने चाहिए।'' उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि शांतिपूर्ण तरीके से जश्न मनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर एक महीने से शांति समिति की बैठकें हो रही हैं। चौधरी ने दोनों समुदायों से एक–दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने का आग्रह किया था और जनता से उन लोगों पर जबरन रंग डालने से बचने की अपील की जो इसमें भाग नहीं लेना चाहते। उन्होंने कहा था, ''जिस तरह मु. सलमान ईद का बेसब्री से इंतजार करते हैं, उसी तरह हिंदू होली का इंतजार करते हैं। लोग रंग लगाकर, मिठाइयां बांटकर और खुशियां बांटकर जश्न मनाते हैं। इसी तरह, ईद पर लोग खास व्यंजन बनाते हैं और जश्न मनाने के लिए एक–दूसरे को गले लगाते हैं। दोनों त्योहारों का सार एकजुटता और आपसी सम्मान है।''

## बदायूं  कोतवाली में हेड कांस्टेबिल ने युवक को पीटा, एफआईआर दर्ज

बदायूं  बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से पंजीकरण कराने के लिए पुलिस वेरीफिकेशन कराने गए युवक के साथ हेड कांस्टेबिल ने अभद्रता कर मारपीट की और हाथ–पैर तोड़ने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो पीड़ित कोर्ट की शरण में गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव मझारा के मजरा दीननगर शेखपुर निवासी रौताश कुमार पुत्र युधिष्ठिर सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें उन्होंने बताया कि विधि स्नातक की परीक्षा पास की है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज में अपना पंजीकरण कराने के लिए पुलिस वे. रिफिकेशन की आवश्यकता थी। इसके चलते वह दो जनवरी की शाम लगभग पांच बजे कोतवाली बिल्सी गए थे। कोतवाली में हेड कांस्टेबिल अभिषेक गोयल मौजूद मिले। रौताश कुमार ने उनसे अपने आवेदन पर पुलिस वेरीफिकेशन के बारे में जानकारी मांगी। आरोप है कि हेड कांस्टेबिल ने अभद्र भाषा का प्रयास किया। तू–तड़ाक करते हुए गाली–गलौज की। रौताश कुमार ने कहा कि वह गलत नहीं बोल रहे तो फिर क्यों ऐसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हो। इतने पर हेड कांस्टेबिल आग बबूला हो गए। सएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके चलते वह मजबूरन कोर्ट की शरण में गए। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली बिल्सी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# सहकारी दाल मिल परिसर में लगी आग

## संडे मार्केट का सामान और टेंट–तंबू जले, दमकल की मदद से आग पर पाया काबू

हाथरस के कोतवाली सदर क्षेत्र में नाई का नगला स्थित सहकारी क्रय विक्रय दाल मिल परिसर में आग लग गई। परिसर में रखे संडे मार्केट का सामान और टेंट–तंबू आग की चपेट में आ गए। इस परिसर में हर रविवार को संडे मार्केट लगता है। सहकारी बिल्डिंग में जूट के बोरे भी रखे थे। आग की लपटें देखते ही स्थानीय लोग आग बुझाने में जुट

को डर था कि आग कहीं कोऑपरेटिव बिल्डिंग और आसपास के मकानों तक न पहुंच जाए। इससे और भीषण नुकसान हो सकता है। फायर स्टेशन को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं... आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। लोगों को यह भी आशंका है की कहीं किसी ने साजिश के तहत तो यह आग नहीं लगाई गई।

## हाथरस में समाधान दिवस का आयोजन किया गया

हाथरस में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राहुल पांडेय और पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने जनता की समस्याएं सुनीं। तहसील हाथरस में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।जिले की चारों तहसीलों में कुल 196 शिकायतें दर्ज की गईं। हाथरस तहसील में 100, सादाबाद में 39, सासनी में 30 और सिकंदराऊ तहसील में 27 शिकायतें मिलीं। इनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेता. वनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में ला. परवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से नाली, चकमार्ग और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण संबंधी शिकायतों की पुनरावृत्ति न होने को लेकर भी निर्देशित किया।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस और उप निदेशक कृषि सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## हाथरस से सपा कार्यकर्ता गए आगरा अखिलेश यादव और रामजीलाल सुमन से की मुलाकात, खुफिया तंत्र रहा अलर्ट

राज्यसभा में राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज आगरा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन से मुलाकात की। इस दौरान हाथरस से भी बड़ी संख्या में सपा नेता और कार्यकर्ता सुमन के आगरा स्थित निवास पर पहुंच. ।हाथरस से पहुंचे नेताओं में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति बनी सिंह बघेल, बृजमोहन राही, लल्लन बाबू, विजयपाल सिंह, राकेश चौधरी आदि प्रमुख थे।मूल रूप से हाथरस के रहने वाले हैं सुमन.. सांसद सुमन मूल रूप से हाथरस जिले के बहरदोई गांव के निवासी हैं और वहां से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। सुमन द्वारा राज्यसभा में राणा सांगा को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद से उनके खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि उनके समर्थन में भी बड़ी संख्या में लोग सामने आए हैं। हाथरस में खुफिया तंत्र



अलर्ट मोड में रहा और उन सपा नेताओं पर नजर रखी गई, जो आगरा गए।

## सादाबाद में स्थापित हुई हनुमान जी की विशाल प्रतिमा 140 कुंतल वजनी और 16 फीट ऊंची मूर्ति की वैदिक मंत्रों से हुई प्राण प्रतिष्ठा

सादाबाद तहसील के कस्बा सहपऊ में शंकर मंडी के पास स्थित हनुमान मंदिर में एक विशाल प्रतिमा की स्थापना की गई। यह प्रतिमा 16 फीट ऊंची और 140 कुंतल वजनी है। राजस्थान के सीकर से लाई गई इस प्रतिमा को दो विशाल क्रेनों की मदद से बड़ी सावधानी के साथ मंदिर में स्थापित किया गया।प्रतिमा की स्थापना के दौरान उपस्थित महिलाओं और पुरुषों ने जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारे लगाए। इस दौरान पूरा कस्बा राममय और हनुमानमय हो गया। सुबह में पूरे बाजार में हनुमान जी की छोटी प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई।इसके बाद पंडित सत्यम गॉड ने हवन यज्ञ और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की। कार्यक्रम के बाद ब्राह्मणों और साधु–संतों को भोजन कराया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सादाबाद तहसील में यह सबसे ऊंची और भारी हनुमान प्रतिमा है।

## दवा कारोबारी ने दी थी पड़ोसी को जान से मारने की सुपारी

हाथरस जंक्शन क्षेत्र के कस्बा लाड़पुर में मेडिकल स्टोर संचालक को जान से मारने की नीयत से गोली मारने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पड़ोसी दवा कारोबारी ने ही उसे मारने के लिए अपने भांजे की मार्फत आरोपियों को दो–दो लाख की सुपारी दी थी।पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी।पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद का रहने वाला है। नौ अप्रैल की रात करीब 11.30 बजे हरीश कुमार अपने मेडिकल स्टोर के अंदर सो रहे थे। तभी कुछ लोगों ने शटर खुलवाकर हरीश पर जान से मारने के नीयत से फायरिंग कर दी, जिससे वह घायल हो गए। इस मामले में घायल के भाई अमित उर्फ गोलू ने मुक. दमा दर्ज कराया था।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी साहिल पुत्र इसराइल निवासी निकट महावीर मंदिर ठाकुरवाड़ा साइना सिलाई सेंटर के पास थाना ओल्ड फरीदाबाद जनपद फरीदाबाद (हरियाणा) को जलाल. पुर नहर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक टोयोटा इटियोस कार बरामद हुई है।पूछ. ताछ में आरोपी साहिल ने बताया कि डॉ. ललित उर्फ ललितेश कुमार पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी ग्राम बघराया थाना हाथरस जंक्शन कस्बा लाड़पुर में मेडिकल की दुकान चलाता है। लाड़पुर में ही हरीश कुमार भी अपनी मेडिकल की दुकान चलाते हैं। ललित उनसे कारोबारी रंजिश रखता था। दोनों के बीच कई बार कहा. सुनी भी हुई थी।साहिल ने बताया कि ललित कुमार ने उनसे कहा था कि एक व्यक्ति को गोली मारनी है। इसकी एवज में वह उनको दो–दो लाख रुपये देगा। वह कुल चार लोग लाड़पुर आए। दो मोटरसाइकिल और दो लोग कार से आए। साहिल के दो साथियों ने हरीश पर तमंचे से फायर किया, जबकि बाकी दो लोग आ. सपास खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने यह भी बताया कि दवा कारोबारी ललित के रिश्ते के भांजे दीपक निवासी फिरोजाबाद ने उन सभी को ललित से मिलवाया था। इस घटना में फरार ललित, दीपक निवासी फिरोजाबाद, छोटू निवासी फिरोजाबाद व अन्य की तलाश में पुलिस जुट गई है। साहिल ने बताया कि उसके बाकी तीन साथियों को तो दो–दो लाख रुपये मिल चुके थे, लेकिन उसे रुपये नहीं मिले। 2018 में ललित पर भी हुई थी फायरिंग वर्ष 2018 में ललित पर भी फायरिंग हुई थी। ललित खुद पर हुई फायरिंग का जिम्मेदार हरीश को मानता था। इस कारण वह हरीश से रंजिश मानता था। इसे लेकर कई बार वाद–विवाद भी हुआ था।

## हाथरस के बागला महाविद्यालय में भाजपा महिला मोर्चा ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर छात्रा संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया

हाथरस के बागला महाविद्यालय में भाजपा महिला मोर्चा ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर छात्रा संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान मुख्य अतिथि रहीं। चौहान ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से सरकारी संसाधनों की बर्बादी रुकेगी। इससे सुरक्षा बलों पर दबाव कम होगा।नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा।उन्होंने बताया कि 2024 के लोकसभा चुनाव का खर्च 1.35 लाख करोड़ रुपए होगा। यह 2019 के चुनावी खर्च 60,000 करोड़ से दोगुना है। एक राष्ट्र एक चुनाव से करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपए की बचत होगी। यह राशि देश की जीडीपी का 1.5 प्रतिशत है।चौहान ने कहा कि इस बचत से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को गति मिलेगी। यह निर्णय व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में लिया जाएगा। इससे आने वाली पीढ़ियों को नए अवसर मिलेंगे।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा, नगर पालिका चेयरमैन श्वेता दिवाकर, शालिनी पाठक, सुचेता आदि मौजूद रहे।

## मांगी कार...जमकर हुई तकरार, दहेज के लोभियों को सिखाया सबक

हाथरस में शादी के दिन दहेज को लेकर ऐसा विवाद हुआ कि दो बहनों ने दहेज लोभियों को सबक सिखाया. उन्होंने शादी से इनकार कर दिया. दहेज में कार की मांग की गई थी. जिसके बाद विवाद शुरू हो गया.

## फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप की शिकायत ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत करने का आरोप, वकील ने एसपी को लिखा लेटर

हाथरस के अधिवक्ता विमल कुमार सारस्वत ने फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। शिकायत में कहा गया है कि अनुराग कश्यप ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम हैंडल पर एक विवादित पोस्ट किया है।अधिवक्ता का आरोप है कि यह पोस्ट ब्राह्मण समुदाय के प्रति अपमानजनक और अश्लील है। उन्होंने कहा कि इस पोस्ट से समुदाय में नफरत और दुर्भावना फैल सकती है। साथ ही यह सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित कर सकता है। कश्यप ने ब्राह्मण समाज के खिलाफ जातिवादी और अपमानजनक टिप्पणी की है।कोतवाली में भी की थी शिकायत... सारस्वत ने बताया कि उन्होंने पहले थाना कोतवाली में शिकायत की थी। लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए अब उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि कश्यप ने जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। इसलिए उनके रिपोर्ट दर्ज की जाए।

## हाथरस में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया




हाथरस में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन ओसी कलेक्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा भड़काई जा रही है। वहां हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। अर्धसैनिक बलों को भी निशाना बनाया जा रहा है।विहिप ने कई प्रमुख मांगें रखीं। पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। हिंसा की जांच कर दोषियों को दंडित किया जाए। कानून व्यवस्था केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दी जाए। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें निष्कासित किया जाए। संगठन ने मांग की कि बांग्लादेश सीमा पर 450 किलोमीटर लंबी बाड़ लगाने का काम शुरू किया जाए। यह काम ममता बनर्जी सरकार ने रोक रखा है।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... प्रदर्शन में विहिप के जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश सक्सेना, जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल, कैलाश कूलवाल, प्रवीण वार्ष्णेय, गोपाल किशन शर्मा और मनोज अग्निहोत्री, दीप्ति वार्ष्णेय समेत कई हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद थे।




जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने विकास खंड हाथरस के ग्राम पंचायत ककोरी में कार्यदायी संस्था द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों यथा पाइप लाइन, गृह जल संयोजन आदि कार्यों का निरीक्षण कर अवशेष कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्णढंग पूर्ण कर जलापूर्ति कराने के निर्देश दिए।



# दिव्यांगजन विभिन्न श्रेणियों में राज्य निधि से वित्तीय सहायता के लिए करें आवेदन

अलीगढ़ जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रोहित कुमार ने जिले के सभी दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांगजनों के लिए राज्य निधि से धनरा. शि व्यय किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्गत दिशानिर्देशों के क्रम में दिव्यांगजन के हितार्थ 08 प्रकार के वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान है।उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना। उत्तर प्रदेश के ऐसे दिव्यांगजन जिनका खेल, ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर, साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन के लिए वित्तीय सहायता। दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बैच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय के लिए वित्तीय सहायता। उत्तर प्रदेश के ऐसे दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथाकैंसर, थैमोसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केला. 'रोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमन्त्री जन अरोग्य योजना एवं मुख्यमन्त्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों, को चिकित्सा के लिए वित्तीय सहायता। दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुर्नवास से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर सम्बद्ध हितधारको का उन्मुखीकरण या प्रशिक्षण कार्यक्रम (इन सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम)। दिव्यांगजन के लिए संचालित विशेष विद्यालयों में गणित अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अथवा मनोवैज्ञानिक आदि प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता। दिव्यांगजन के लिए संचालित विशेष विद्यालयों में खेल सुविधाओं का विकास, खेल उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता एवं दिव्यांगजनों के पुनर्वासन से सम्बन्धित सामाजिक, चिकित्सीय, शैक्षिक एवं विधिक विषयों पर राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।उन्होंने बताया कि उपरोक्त श्रेणियों में अर्हता रखने वाले इच्छुक दिव्यांगजन सम्बन्धित श्रेणी के आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी से प्राप्त कर सम्बन्धित अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ 02 प्रतियों में अपना आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे उनको राज्य निधि से वित्तीय सहायता प्रदान कराये जाने संम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही की जा सकें।

## जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक 23 अप्रैल को

अलीगढ़ उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित समयसीमा के उपरांत लम्बित प्रकरणों, ग्रेवियंस, फीडबैक आदि की पूर्ण सूचनाओं एवं विगत बैठक की अनुपालन आख्या सहित जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक में ससमय स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## विशेष लोक अदालत 26 अप्रैल को

अलीगढ़ जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 26 अप्रैल शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय एवं बाह्य स्थित न्यायालयों पर किया जाना है। विशेष लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं आपराधिक शमनीय वादों (PettyOffences) मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाएगा।एडीजे एवं पुर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने वादकारीगण से अनुरोध किया है कि वह विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत न्यायालय में लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं आपराधिक शमनीय वादों PettyOffences के निस्तारण के लिए आयोजित विशेष लोक अदालत का लाभ उठायें एवं जिला न्यायालय व बाह्य स्थित न्यायालयों में 26 अप्रैल को पहुँचकर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराकर विशेष लोक अदालत को सफल बनायें।

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार , संस्कार भारती, अलीगढ़ (ब्रज प्रान्त) एवं धर्म समाज महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नाटक राजमाता अहिल्याबाई का भव्य मंचन मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:30 बजे से भगत जी सभागार, धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़ में होगा । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक 'पत्रकार वार्ता का आयोजन स्थानीय वनवारी पैलेस निकट पुराना बस स्टैंड जी टी रोड अलीगढ पर दिनांक 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को दोपहर 3 बजे से' किया गया है । आप इस पत्रकार वार्ता में अपने छायाकर बंधु के साथ सादर आमंत्रित हैं ।

## सरकारी दस्तावेजों, प्रतीकों एवं विज्ञापनों में भारत सरकार के राज्य संप्रतीक चार सिंहों की मूर्ति के साथ सत्यमेव जयते को अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए

अलीगढ़ सरकारी दस्तावेजों, प्रतीकों एवं विज्ञापनों में भारत सरकार के राज्य संप्रतीक जिसमें चार सिंहों की मूर्ति होती है को श्स्सत्यमेव जयतेश् के बिना प्रकाशित या मुद्रित करना न केवल राज्य संप्रतीक अधिनियम 2005 का स्पष्ट उल्लंघन है बल्कि संविधान की आत्मा के साथ भी अन्याय है।उक्त जानकारी देते हुए आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह ने बताया है कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां जो अपने स्टेशनरी, प्रकाशन, मुहरों, वाहनों, भवनों व वेबसाइटों पर भारत के राज्य संप्रतीक का उपयोग कर रही हैं, वह अक्सर श्स्सत्यमेव जयतेश आदर्श वाक्य को छोड़ देती हैं और मात्र चार सिंहों के प्रतीक को दर्शाती हैं, जोकि राज्य संप्रतीक अधिनियम 2005 में निर्धारित डिजाइन के अनुरूप नहीं है। उन्होंने बताया कि श्स्सत्यमेव जयतेश जिसका अर्थ श्स्सत्य की ही विजय होती हैश्। भारत की आधिकारिक मुद्रा, दस्तावेजों और विभिन्न प्रकार के प्रतीकों में अंकित होना अनिवार्य है। यह दो शब्द न केवल राष्ट्रीय आदर्श वाक्य हैं बल्कि देश की संस्कृति और नैतिक पहचान का प्रतीक भी हैं।मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, वीसी एडीए, नगर आयुक्त एवं सभी मण्डलीय व जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस प्रकार की चूक गंभीर चिंता का विषय है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए भविष्य में सभी प्रतीकों में श्स्सत्यमेव जयतेश को यथाविधि अंकित किया जाए। उन्होंने आमजनमानस से भी अनुरोध किया है कि यदि कहीं भी इस प्रकार की त्रुटि दिखाई देती है तो संबंधित को सूचित करें ताकि ससमय त्रुटि में सुधार किया जा सके है।

## बिजली की डिमांड कम, आठ दिन से बंद है पावर हाउस की सात नंबर यूनिट

कासिमपुर पावर हाउस के मुख्य महाप्रबंधक अतुल कुमार ने बताया कि यूनिट संख्या सात बंद है। मांग के अनुसार उत्पादन किया जा रहा है।अलीगढ़ की हरदुआगंज तापीय परियोजना कासिमपुर में 110 मेगावाट बिजली उत्पादन करने वाली सात नंबर यूनिट आठ दिनों से बंद है। यही नहीं प्रदेश में बिजली की मांग कम होने के कारण परियोजना की बाकी यूनिटों में भी पूरी क्षमता से उत्पादन नहीं हो रहा है। मुख्य महाप्रबंधक अतुल कुमार ने बताया कि यूनिट संख्या सात बंद है। मांग के अनुसार उत्पादन किया जा रहा है।गौर हो कि पावर हाउस की उत्पादन क्षमता 1270 मेगावाट है, यहां पर चार यूनिटें हैं। सात नंबर यूनिट से 110 मेगावाट, आठ व नौ से 250–250 मेगावाट, 10 नंबर यूनिट से 660 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। उत्तर प्रदेश स्टेट डिमांड डिस्पैच सेंटर ग्रिड का प्रबंधन करता है। बिजली की मांग के अनुसार ही उत्पादन होता है। सात नंबर यूनिट 11 अप्रैल से बंद है। बाकी तीनों यूनिट का संचालन 14 अप्रैल से शुरू हुआ है। 18 अप्रैल को पावर हाउस से 634 मेगावाट बिजली का उत्पादन हुआ है।

## इगलास में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान किसान नेता के आत्महत्या करने के प्रयास

अलीगढ़ के डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में इगलास तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस चल रहा था। अचानक वहां मौजूद किसान नेता ने अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील इगलास में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित



अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में इगलास तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मा0 सांसद हाथरस श्री अनूप बाल्मीकि ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें व समस्यांए राजस्व से जुड़ी होती हैं। वर्तमान में गेहूं की फसल कट चुकी है, अधिकतर खेत खाली हैं। नाली, चकरोड, सार्वजनिक उपयोग को भूमि चिन्हांकन कर खाली करा लें।मा0 सांसद ने कहा की धारा34 के मामलों में 35 से 45 दिनों के भीतर नामांतरण हो जाना चाहिए। तहसील में 46 वाद 3 से 5 वर्ष के मध्य लंबित चल रहे है। इसी प्रकार से धारा 24 मेडबंदी का कार्य तीन माह में हो जाना चाहिए। तहसील में 10 मामले 1 वर्ष से लंबे चल रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कि वह मेडबंदी प्रकरणों में फीस जमा कर दें। कुरा बंटवारे के लिए 6 माह का समय निर्धारित है, इसमें 11 प्रकरण 3 से 5 वर्ष के मध्य लंबित हैं। मा0 सांसद ने कहा कि अधिकारी जिले में काफी बेहतर ढंग से विभागीय दायित्वों को अंजाम दे रहे हैं। सभी अधिकारी क्षेत्र में निकलकर जनता को न्याय दिलाएं। जिलाधिकारी ने चिन्हित शिकायतों पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुए मौके पर जाकर उभयपक्षों को सुन गुणदोष के आधार पर समस्याओं का निराकरण सु. निश्चित कराने के एसडीएम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैमाइश और बटवारों के मामलों में यदि कोई निर्णय हुआ है तो उसका अनुपालन राजस्व टीम के माध्यम से समयबद्धता के साथ सु. निश्चित किया जाए। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों की पहचान कर 01 अप्रैल से पूर्व के पैमाइश एवं निर्विवाद विरासत के सभी प्रकरणों को 15 मई तक निस्तारित करा दिया जाए। एसएसपी संजीव सुमन ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्रा. थमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि थाना आए प्रत्येक व्यक्ति की बात को सुना जाए। इस दौरान मा0 विधायक इगलास श्री राजकुमार सहयोगी एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, डीडीओ आलोक आर्य, एसडीएम शाश्वत त्रिपुरारी सहित जिलास्तरीय अधिकारियों ने भी जनशिकायतों का निस्तारण कराया।

## हाथरस में एक युवती ने युवक पर यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कराया

हाथरस में एक युवती ने युवक पर यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने कोतवाली हसायन में शिकायत दर्ज कराई है। एटा के महरारा कोतवाली क्षेत्र की युवती की शादी अवधेश से अप्रैल 2024 में तय हुई थी। शगुन में उसे साड़ी, मिठाई और 1100 रुपए दिए गए थे। शादी तय होने के बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई।रिपोर्ट के मुताबिक 19 मई 2024 को अवधेश ने अपनी मां की बीमारी का बहाना बनाकर युवती को घर बुलाया। उसी दिन मांग भरकर उसे पत्नी के रूप में स्वीकार कर शारीरिक संबंध बनाए। नोएडा में प्राइवेट जॉब करने वाली युवती के पास 7 जुलाई 2024 को अवधेश आया।वह उसके साथ रहने लगा। युवती की तबीयत खराब थी, इसलिए वह नौकरी पर नहीं जा रही थी। उसके भाई–बहन जॉब पर जाते थे। इस दौरान आरोपी ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।बिना मर्जी के गर्भपात भी कराया युवती के गर्भवती होने पर अवधेश ने बिना उसकी सहमति के गोली खिलाकर गर्भपात करा दिया। आखिरी बार 29 अगस्त 2024 को दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। इसके बाद भी फोन पर बातचीत जारी रही। युवती का आरोप है कि अवधेश ने 4 मार्च 2025 को बिना बताए दूसरी शादी कर ली। जब उसने आरोपी के परिवार से इस बारे में बात की, तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी।

## DM-SSP के सामने किसान ने खुद पर डाला पेट्रोल अलीगढ़ में बोला–दबंग परेशान करते हैं, जमीन पर कब्जा कर लिया

अलीगढ़ में शनिवार को समाधान दिवस के समय किसान ने खुद को आग लगाने की कोशिश की। बोला–मैं दबंग से बहुत परेशान हूं, कोई सुन नहीं रहा है। देखते ही पुलिस ने कर्मियों उसे पकड़ लिया। किसान को अपने साथ लेकर गई।ब्ब्ळ में उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके साथ ही अधिकारियों ने उसे आश्वासन दिया है कि जल्दी ही उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा। ये मामला इगलास तहसील का है, पूरी घटना क्ड–ैच के सामने हुई।समाधान दिवस में डीएम संजीव रंजन, एसएसपी संजीव सुमन, एडीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारी लोगों की समस्या सुन रहे थे। तभी इगलास के गांव मुरवार निवासी भगवान सिंह वहां पर पहुंच गए।वह दबंगों से परेशान थे। वह अपनी फरियाद लेकर खड़े थे। देखते ही देखते उन्होंने अपनी जेब से एक बोतल निकाल ली। इस बोतल में पेट्रोल भरा हुआ था। किसान ने पेट्रोल अपने ऊपर डाल लिया। खुद को आग लगाकर आत्मदाह करना चाहा। मुरवार गांव निवासी भगवान सिंह ने बताया–जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है। अपने खेत में फसल नहीं उगा पा रहे हैं। जमीन के कागज मेरे पास हैं, लेकिन, दबंग उनकी जमीन से कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। इस मामले की शिकायत कई बार की है।लेकिन, आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए वह डीएम एसएसपी से शिकायत करने के लिए पहुंचे थे। किसान का कहना था कि वह अधिकारियों से फरियाद करके परेशान हो चुके हैं। इसीलिए वह आत्मदाह करना चाहते थे।

## पांच किलो चांदी की लूट में एक और अभियुक्त गिरफ्तार, सभी पांच बदमाश पकड़े, चांदी और स्कूटी बरामद

ईश्वरी प्रसाद अपने साथी राकेश कुमार के साथ चांदी लेने आगरा गए थे। वहां से करीब पांच किलोग्राम चांदी लेकर बाइक से अपने गांव आ रहे थे। इसी बीच देवो रिसोर्ट से आगे मई रोड पर अज्ञात बदमाशों ने चांदी से भरा थैला लूट लिया और भाग गए।थाना सादाबाद पुलिस ने बीती 27 मार्च को देवो रिसोर्ट से आगे मई रोड पर व्यापारी से पांच किलो चांदी लूटे जाने की घटना में वांछित आगरा निवासी एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से एक किलो 50 ग्राम लूटी हुई चांदी और रैकी में प्रयुक्त हुए स्कूटर को बरामद किया गया है। सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि इस लूट को अंजाम देने वाले सभी पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।गौर हो कि बीती 27 मार्च को ईश्वरी प्रसाद पुत्र भूदेव प्रसाद निवासी ग्राम तसींगा सादाबाद अपने साथी राकेश कुमार के साथ चांदी लेने आगरा गए थे। वहां से करीब पांच किला. 'ग्राम चांदी लेकर बाइक से अपने गांव आ रहे थे। इसी बीच देवो रिसोर्ट से आगे मई रोड पर अज्ञात बदमाशों ने चांदी से भरा थैला लूट लिया और भाग गए। इस घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई और खुलासे के लिए स्वाट के साथ तीन टीमें लगाई गईं। सीओ ने बताया कि दो अप्रैल को सरौठ बंबा श्रीनगर की पुलिया के पास से बदमाशों से मुठभेड़ हुई। इसमें अभियुक्त कन्हैया व चंदू उर्फ चंद्रकांत गोली लगने से घायल हुए, इनको गिरफ्तार किया गया। उसके साथ एक अन्य अभियुक्त पकड़ा गया। तीन अप्रैल को अभियुक्त



कल्ला उर्फ कल्यान सिंह को जेल भेजा गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त लाला उर्फ टिंकू पुत्र कुंवरपाल निवासी नगला केसरी जलेसर रोड टेढ़ी बगिया थाना ट्रांस यमुना जिला आगरा का नाम सामने आया था। 17 अप्रैल को सादाबाद पुलिस ने लाला उर्फ टिंकू को मई खंदौली मार्ग से राधे–राधे धर्मकांटे के पास से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से 1 किलो 50 ग्राम लूटी हुई चांदी, एक स्कूटी बरामद हुई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी योगेश सिंह मय टीम शामिल रहे।

# कासगंज के अमापुर कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया

कासगंज के अमापुर कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अंबेडकर नगर में 28 वर्षीय किशनपाल शाक्य का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है।घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सहावर शाहिदा नसरीन पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पा.स्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार, 14 अप्रैल को अमापुर कस्बे के पवन और विवेक पालीवाल समेत कुछ लोगों ने किशनपाल के साथ मारपीट की थी।इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मारपीट के मामले में अमापुर थाना पुलिस ने पवन,



विवेक पालीवाल और 6–7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। मृतक के परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# जेठ पर दुष्कर्म का प्रयास और मारपीट का आरोप एटा में पीड़िता की बहन मेडिकल कॉलेज में भर्ती, एसएसपी से मांगी मदद

एटा के मिरहची में एक महिला ने अपने जेठ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने एसएसपी श्याम नारायण सिंह को दी शिकायत में कहा कि उसके जेठ ने अवैध बंदूक के बल पर उसकी छोटी बहन के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया।घटना मंगलवार की है। शबनम (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह अपनी बहनों के साथ खेत में गेहूं की कटाई करवा रही थी। वे ट्रैक्टर–ट्रॉली में बैठे थे। इसी दौरान उसका जेठ अवैध हथियार लेकर आया। उसने 22 वर्षीय छोटी बहन को ट्रॉली से खींचकर नीचे फेंक दिया। फिर उस पर बैठकर दुष्कर्म का प्रयास किया।जब दोनों बहनें बचाने गईं तो आरोपी ने उन्हें भी पीटा। बाद में पीड़िता के पति, सास और ससुर भी वहां आ गए। उन्होंने भी मारपीट की। इस हमले में छोटी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। तीनों बहनों को चोटें आईं। घायल बहन को एटा के वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।पीड़िता ने मिरहची थाना पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही और पक्षपात का आरोप लगाया है। एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने मामले की सुनवाई कर मदद का आश्वासन दिया है। शबनम का विवाह 2008 में हिंदू रीति–रिवाज से हुआ था। उसने बताया कि उसका पति शराब का आदी है। सास–ससुर ने पहली बार खेती के लिए खेत दिया था। गेहूं की फसल तैयार होने पर उसने अपनी बहनों को कटाई के लिए बुलाया था।

# कासगंज यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई, 20 ई रिक्शा–टेंपो जब्त, 61 वाहनों का चालान

कासगंज पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में अपंजीकृत ई–रिक्शा व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया गया।शहर के अमांपुर चौराहे, बिलराम गेट चौराह, कस्बा बिलराम व कस्बा ढोलना में एआरटीओ राम प्रकाश मिश्रा, यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। अभियान के अंतर्गत 20 ई– रिक्शा व टेंपो को जब्त कर खड़ा कराया गया। वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 61 वाहनों के चालान किये गए। वाहन चालकों



को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया है ।

# एटा जनपद न्यायालय ने प्रसिद्ध कथावाचक आधार चौतन्य को तलब किया

एटा जनपद न्यायालय ने प्रसिद्ध कथावाचक आधार चौतन्य को तलब किया है। उनके शिष्य योगेंद्र कुमार योगी ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है।सिविल जज सीनियर डिवीजन आंचल राणा की अदालत में दर्ज मामले के अनुसार, योगेंद्र कुमार योगी ने 2023 में आधार चौतन्य को अपना गुरु स्वीकार किया था। उन्होंने अपने गुरु और उनके परिवार को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित भी किया था।शिष्य का आरोप है कि हरदोई के जलालपुर में एक कार्यक्रम के दौरान गुरु ने उनका सार्वज.निक अपमान किया। कार्यक्रम की राशि 3 लाख रुपये तय की गई थी। योगेंद्र को मात्र 10 हजार रुपये दिए गए, जबकि उनका खर्च 15 हजार रुपये हुआ।योगेंद्र के वकील जागेश्वर यादव ने बताया कि उनके मुवक्किल की बड़ी मानहानि हुई है। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आधार चौतन्य को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। आधार चौतन्य देश



भर में एक प्रतिष्ठित कथावाचक हैं। ग्रामीण इलाकों में उनकी कथाओं के श्रोताओं की बड़ी संख्या है। उन्होंने कहा है कि वह न्यायालय में अपना पक्ष रखेंगे।

# कासगंज मारपीट मामले में दबंगों को नहीं गिरफ्तार कर पाई पुलिस, भय से युवक ने दे दी जान

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** अमांपुर में पांच दिन पूर्व दिनदहाड़े हुई मारपीट और पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार न किए जाने के भय से युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतक के परिजनों ने नामजद युवकों पर उत्पीड़न कर सरेआम बेइज्जत करने का आरोप लगाया है। परिजनों की मांग पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है अमांपुर कस्बे के आंबेडकर नगर निवासी किशनपाल पुत्र वीरसहाय को 14 अप्रैल को स्टेट बैंक कॉलोनी निवासी विवेक पाल.ीवाल और पवन ने अपने सात अन्य साथियों के साथ बीच सड़क पर घेरकर लाठी–डंडों से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। उसे अधमरा समझकर छोड़कर चले गए। परिजनों ने वहां लगे सीसीटीवी फुटेज निकलवाए और थाना पुलिस को दिए। पुलिस ने फुटेज और तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं



की।आरोपियों की धमकी और बेइज्जत किए जाने के अलावा पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार न किए जाने के डर से किशनपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता वीरसहाय ने बताया कि 14 अप्रैल को उसे दौड़ा–दौड़ाकर अमांपुर तिराहे पर मारा–पीटा गया था। उसे लगातार धमकियां दी जा रही थीं कि फैसला कर लो, अन्यथा अंजाम बुरा होगा। इसी को लेकर उन्होंने उसकी हत्या कर दी। शव को फांसी के फंदे पर लटका कर फरार हो गए हैं।थानाध्यक्ष सुमित त्रिपाठी ने बताया कि किशनपाल नाम के युवक ने सुसाइड कर लिया है। युवक के परिजनों की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कासगंज के शारदा देवी कन्या महाविद्यालय में बीजेपी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में गोष्ठी का आयोजन किया

कासगंज के शारदा देवी कन्या महाविद्यालय में बीजेपी ने बाबा साहब भीम.राव अंबेडकर के सम्मान में गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में बीजेपी के पूर्व सांसद राजवीर सिंह और प्रदेश मंत्री पूनम बजाज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा समेत कई कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत की।गोष्ठी में पूर्व सांसद राजवीर सिंह और पूनम बजाज ने अंबेडकर जी के जीवन और उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रा.जवीर सिंह ने भारत माता की जय के नारे के साथ अपना वक्तव्य शुरू किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का योगदान देश के प्रति समर्पित था।राजवीर सिंह ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि एक पार्टी ने बाबा साहब का अपमान कर उन्हें चुनावी प्रतीक बना लिया। उन्होंने कहा कि बसपा, सपा और कांग्रेस ने बाबा साहब के लिए कुछ नहीं किया। राजवीर सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने तो बाबा साहब को मिटाने का काम किया था।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में



बीजेपी दलित वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए भीमराव अंबेडकर के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

# कासगंज शटडाउन लिया था...फिर भी दौड़ा करंट, लापरवाही से गई लाइनमैन की जान

कासगंज शनिवार की सुबह मुबारकपुर सिगतरा गांव में एलटी लाइन का विद्युत तार टूट गया। ग्रामीणों ने सूचना क्षेत्रीय लाइनमैन को फोन पर दी। मौके पर पहुंचे संविदा कर्मी लाइनमैन ने विद्युत सबस्टेशन पर तैनात एसएसओ से फोन पर ही शटडाउन ले लिया। इसके बाद वह खंभे पर चढ़कर तार को ठीक करने लगा। किसी तरह एचटी लाइन में करंट आ गया, जिससे लाइनमैन की मौत हो गई। परि.जनों ने एसएसओ पर फीडर जोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पा.स्टमार्टम कराया है।गांव मुबारकपुर सिगतरा निवासी 28 वर्षीय अरविंद कुमार पुत्र तिलक सिंह नदरई विद्युत सबस्टेशन पर संविदा कर्मी के रूप में तैनात थे। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने उन्हें एलटी लाइन का तार टूटने की सूचना फोन पर दी थी। वह टूटे पड़े विद्युत तार को देखने के लिए मौके पर पहुंच गए। कोई हादसा



न हो जाए, इसके लिए अरविंद ने फोन पर विद्युत सबस्टेशन पर तैनात एसएसओ से शटडाउन ले लिया। जब वह एलटी लाइन के खंभे पर चढ़कर विद्युत तार को ठीक कर रहे थे, तभी अचानक करंट आ गया, जिसकी चपेट में आकर वह खंभे से नीचे गिर गए।परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता तिलक सिंह ने आरोप लगाया कि विद्युत सबस्टेशन पर तैनात एसएसओ ने शटडाउन होने के बा.वजूद फीडर को चालू कर दिया, जिससे मेरे बेटे अरविंद की मौत हो गई। एसएसओ की बड़ी लापरवाही है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# एटा रेलवे स्टेशन के पास एक 22 वर्षीय अज्ञात युवती की मालगाड़ी से कटकर मौत

एटा रेलवे स्टेशन के पास एक 22 वर्षीय अज्ञात युवती की मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। जीआरपी पुलिस को युवती रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था में मिली थी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।स्टेशन मास्टर से घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। युवती की पहचान के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना भेजी गई है।जीआरपी पुलिस अधिकारी राहुल देव ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह एक दुर्घटना है या आत्महत्या का मामला है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। चूंकि घटना रेलवे ट्रैक पर हुई है, इसलिए मामले की जांच जीआरपी पुलिस कर रही है।

# एटा के जिला मेडिकल कॉलेज में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई



एटा के जिला मेडिकल कॉलेज में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बाबूगंज थाना कोतवाली नगर सकीट के रहने वाले 32 वर्षीय अनवर के रूप में हुई है।अनवर गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से उसे एटा के जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा ले जाने की सलाह दी। इस पर उसके साथ आए लोग वापस चले गए।शनिवार को अस्पताल में इलाज के दौरान अनवर की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों की तलाश कर उन्हें शव सौंप दिया। थाना प्रभारी सकीट चमन गोस्वामी ने बताया कि शुरू में परिजन शव लेने से मना कर रहे थे। बाद में उन्होंने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को अपने साथ ले गए।